**क्षेत्र  शिक्षाधिकारी कार्यालय  रायबाग**

**क्षेत्र संसाधन केंद्र   रायबाग  और**

**आदर्श विद्यालय मेखली**

इनके सहभागिता में

**गुरुप्रेरणा  – 2019 हिंदी  भाषा प्रशिक्षण कार्यशाला**

**द्वारा समर्पित**

2019- 20 शैक्षिक वर्ष के दसवीं  कक्षा के छात्रोंके लिए अध्ययन सामग्री .

# छात्र  साफल्य गुरुप्रेरणा

**परिकल्पना और मार्गदर्शन**

श्री. एच .बी.भजंत्री .

क्षेत्र शिक्षाधिकारी , रायबाग .

श्री. बी . एम . माली .

क्षेत्र संसाधन समन्वयाधिकारी , रायबाग .

श्री , बी .एन , कांबले .

नोडल अधिकारी   और

मुख्याध्यापक , आदर्श विद्यालय मेखली .

## ಮುನ್ನುಡಿ ......

ಚಿಕ್ಕೋಡಿ ಜಿಲ್ಲೆಯ ರಾಯಬಾಗ ತಾಲೂಕಿನ ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾ ವಿಷಯದ "ಗುರುಪ್ರೇರಣಾ" ತರಬೇತಿಯಲ್ಲಿ ತಾಲೂಕಿನ ಎಲ್ಲಾ ಹಿಂದಿ ಬೋಧಿಸುವ ಶಿಕ್ಷಕರು ತರಬೇತಿಯಲ್ಲಿ ಭಾಗವಹಿಸಿದ್ದರು .ಎಲ್ಲ ಶಿಕ್ಷಕರು ಕೂಡಿ ಎಸ್ .ಎಸ್.ಎಲ್ .ಸಿ ಫಲಿತಾಂಶ ಸುಧಾರಣೆಗಾಗಿ ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ ಹಿಂದಿ ವಿಷಯದಲ್ಲಿ ಅಧ್ಯಯನ ಸಾಮಗ್ರಿಯನ್ನು ತಯಾರಿಸಿರುವದು ಅತ್ಯಂತ ಮಹತ್ವದ ಬೆಳವಣಿಗೆ . ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ ಪರೀಕ್ಷೆಯಲ್ಲಿ ಎಲ್ಲಾ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳು ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾ ವಿಷಯದಲ್ಲಿ ಉತ್ತಮ ಅಂಕ ಪಡೆದು ಪಾಸಾಗಬೇಕೆಂಬ ಶಿಕ್ಷಕರ ಪ್ರಯತ್ನ ಶ್ಲಾಘನೀಯ .ಈ ಮೂಲಕ ರಾಯಬಾಗ ತಾಲೂಕಿನ ಫಲಿತಾಂಶ ಮುಂದಿನ ದಿನಗಳಲ್ಲಿ ಉತ್ತಮವಾಗುವುದರಲ್ಲಿ ಸಂಶಯವಿಲ್ಲ . ಈ ಫಲಿತಾಂಶ ಸುಧಾರಣೆಗಾಗಿ ಶ್ರಮಿಸಿದ ಎಲ್ಲ ಸಂಪನ್ಮೂಲ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳಿಗೂ ಹಾಗೂ ತರಬೇತಿಯಲ್ಲಿ ಹಾಜರಿದ್ದ ಶಿಕ್ಷಕರಿಗೂ ಅಭಿನಂದನೆಗಳು , ತಮ್ಮ ಕಾರ್ಯ ಮಕ್ಕಳಿಗೆ ಅನುಕೂಲವಾಗಲೆಂದು ಈ ಮೂಲಕ ಶುಭ ಹಾರೈಕೆಗಳು .


ಶ್ರೀ . ಬಸವರಾಜ ಎನ್ ಕಾಂಬಳೆ .

ನೋಡಲ್ ಅಧಿಕಾರಿಗಳು ಹಾಗೂ

ಮುಖ್ಯೋಪಾಧ್ಯಾಯರು ಆದರ್ಶ ವಿದ್ಯಾಲಯ ಮೇಖಳಿ, ರಾಯಬಾಗ

# हिंदी भाषा संसाधक गण



श्री एन .बी. चाउस .
सरकारी माध्यमिक पाठशाला , सुट्टट्टी



श्री. अल्ताफ तांबोली .
कर्नाटक पब्लिक स्कूल , रायबाग



डा . जगदीश कुलकर्णी .
सरकारी माध्यमिक पाठशाला हारुगेरी .



श्रीमती . वीरश्री समाजे .

सरकारी माध्यमिक पाठशाला ,



श्री. सुभानल्ला चक्री .

आदर्श विद्यालय , मेखली



श्री. परशुराम होनकट्टी .

आदर्श विद्यालय , मेखली



श्री. सल्मान सईद मख्दूम हुसैन .
जुनेदिया माध्यमिक पाठशाला , कुडची .

# कार्यशाला के शिक्षार्थी एवं हिंदी भाषा शिक्षक समूह

| क्र सं | अध्यापक के नाम | विद्यालय का नाम |
|---|---|---|
| 01. | श्री.एस .पी . सुतार | सरकारी माध्यमिक पाठशाला , हरनकोडी . |
| 02. | श्री. ए .एन . गदगैगोल. | सरकारी माध्यमिक पाठशाला , नागराल . |
| 03. | श्री . के एम .अलासे . | सरकारी माध्यमिक पाठशाला ,पालभावी. |
| 04. | श्री.आए .के .अक्किवाट | सरकारी माध्यमिक पाठशाला , शिरगूर . |
| 05. | श्री .जी .एम .अवटी . | सरकारी माध्यमिक पाठशाला , दिग्गेवाडी . |
| 06. | श्री ,ए .एम .पाटिल . | सरकारी माध्यमिक पाठशाला , नंदीकुरली . |
| 07. | श्रीमती . जी .बी . कब्बूर . | सरकारी माध्यमिक पाठशाला , नीडगुंदी |
| 08. | श्रीमती . ए .बी . गौंडी . | सरकारी माध्यमिक पाठशाला , अलखनुर . |
| 09. | श्रीमती . वी . बी . जमखंडी . | सरकारी माध्यमिक पाठशाला , अलगवाडी . |
| 10. | श्रीमती .आर .एस.अलगुरे. | सरकारी माध्यमिक पाठशाला , बूदिहाल . |
| 11. | श्रीमती .आर .ए.शेट्टी . | न्यू हाईस्कूल , रायबाग . |
| 12. | श्रीमती . ए .ए . रत्नोदय. | सरकारी माध्यमिक पाठशाला , हालशिरगुर. |
| 13. | श्री. एम .एस. खवटकोप्प . | सरकारी माध्यमिक पाठशाला , मुगलखोड . |
| 14. | श्री.आर.बी.जमखंडी . | न्यू हाईस्कूल, इटनाल. |
| 15. | श्री.जे .आर.बिरादार . | एस.वी.एस माध्यमिक पाठशाला , हंदिगुंद. |
| 16. | श्री.एस.एम.नदाफ . | डी .हेच .एस. दिग्गेवाडी . |
| 17. | श्रीमती . जे ,डी.केलगडे . | आनंदीबाई बालिका विद्यालय , रायबाग . |

## **एक अंक के प्रश्नोत्तर**

**<u>अ) एक वाक्य में उत्तर लिखना।</u>**

1. भारत के खेत कैसे हैं ?

उत्तर- भारत के खेत **हरे-भरे और सुहाने** हैं।

2. स्वाद में आम किससे बढ़कर नहीं है ?

उत्तर - स्वाद में आम **सेब** से  बढ़कर नहीं है।

3. रोज एक सेब खाने से किनकी जरूरत नहीं होगी ?

उत्तर- रोज एक सेब खाने से **डाँक्टरों** की  जरूरत नहीं होगी।

4. गिलहरी का प्रिय खाद्य क्या था ?

उत्तर- गिलहरी का प्रिय **खाद्य** काजू  था।

5. गिलहरी की समाधी कहाँ बनायी गयी है ?

उत्तर - गिलहरी की समाधी **सोनजुही लता के नीचे**  बनायी गयी है।

6. आज की दुनिया कैसी है ?

उत्तर- आज की दुनिया **विचित्र और नविन**  है।

7.अब्दुल कलाम बचपन में किस घर में रहते थे ?

उत्तर- अब्दुल कलाम बचपन में **पुश्तैनी**  घर में रहते थे।

8. अब्दुल कलाम जी के चचेरे भाई कौन थे ?

उत्तर- अब्दुल कलाम जी के चचेरे भाई **शम्सुद्दीन**  थे।

9. बसंत क्या-क्या बेचता था ?

उत्तर- बसंत **छलनी,बटन और दियासलाई** बेचता था ।

10. छलनी का दाम क्या था ?

उत्तर- छलनी का दाम सिर्फ **दो आना** था ।

11. तुलसीदास किस शाखा के कवि है ?

उत्तर- तुलसीदास **रामभक्ति** शाखा के कवि है ।

12. तुलसीदास के अनुसार विपत्ति के साथी कौन हैं ?

उत्तर- तुलसीदास के अनुसार विपत्ति के साथी **विद्या,विनय और विवेक** हैं ।

13. इंटरनेट का अर्थ क्या है ?

उत्तर – एक तरह से विश्वव्यापी कंप्यूटरों का अंतर्जाल ही इंटरनेट है ।

14. ब्रीफकेस में क्या था ?

उत्तर- ब्रीफकेस में **कागज़ात** थे ।

15. लेखक की चप्पलें किसने पहनी थी ?

उत्तर- लेखक की चप्पलें **एक ईमानदार डेलिगेट** ने पहनी थी ।

16. सिंगफो आदिवासी कहाँ रहते थे ?

उत्तर- सिंगफो आदिवासी **पूर्वोत्तर भारत** में रहते थे ।

17.दोस्तों की मुलाक़ात सबसे पहले किससे हुई ?

उत्तर- दोस्तों की मुलाक़ात सबसे पहले **हाथी** से हुई ।

18. बहाने बनाने का प्रमुख कारण क्या है ?

उत्तर - बहाने बनाने का प्रमुख कारण **आलस** है ।

19. समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है ?

उत्तर - समय **ईश** का दिया हुआ अनुपम धन है ।

20.वर्षों से सक्सेना के परिवार में कौन काम कर रहा था ?

उत्तर- वर्षों से सक्सेना के परिवार में **साधोराम** काम कर रहा था ।

21. शर्मा परिवार के कुत्ते का नाम लिखिए ।

उत्तर- शर्मा परिवार के कुत्ते का नाम **झबरू** था ।

22. बिछेंद्री के माता-पिता कौन थे ?

उत्तर- बिछेंद्री के माता **हंसादेई नेगी** और पिता **किशनपाल सिंह** थे ।

23. कर्नल का नाम क्या था ?

उत्तर - कर्नल का नाम **खुल्लर** था ।

24. खेल में कौन सदा बेईमानी करता है ?

उत्तर - खेल में **रामू** सदा बेईमानी करता है ।

25. टोली का मुखिया कौन बना ?

उत्तर- टोली का मुखिया **मोहन** बना ।

**आ) जोड़कर लिखना ।**

1. 1. तेरे उर में शायित — अ ) लायक नहीं ।
   2. फल खाने का समय तो — आ ) गांधी , बुद्ध और राम ।
   3. एक सेब भी खाने — इ ) विचित्र , नवीन ।
   4. आज की दुनिया — ई ) प्रात:काल है ।

उत्तर- 1) आ ) गांधी , बुद्ध और राम ।

2) ई ) प्रात:काल है ।

3) अ ) लायक नहीं ।

4) इ ) विचित्र , नवीन ।

2. 1) शम्सुद्दीन — अ) में प्राण ।

2) पक्का दोस्त — आ ) चचेरे भाई ।

3) जब लग घाट — इ ) राम भरोसो एक ।

4) सुसत्यव्रत — ई ) रामानंद शास्त्री ।

उत्तर- 1. आ ) चचेरे भाई ।

2. ई ) रामानंद शास्त्री ।

3. अ) में प्राण ।

4. इ ) राम भरोसो एक ।

3. 1) इंटरनेट ने पूरे विश्व को — अ) बहुत बड़ा वरदान साबित हुआ ।

2) इंटरनेट समाज के लिए — आ ) आदिवासी |

3) तालाब — इ ) एक छोटे गाँव का रूप दे दिया है ।

4) सिंगाफो — ई ) मछली ।

उत्तर- 1. इ ) एक छोटे गाँव का रूप दे दिया है ।

2. अ) बहुत बड़ा वरदान साबित हुआ ।

3. ई ) मछली ।

4. आ ) आदिवासी ।

4. 1) आलस — अ) 1982 में की ।

2) समय आ ) बैठा रोबोट बोला।

3) यह सुनकर काउंटर पर इ ) सभी बहाने।

4) गंगोत्री ग्लेशियर की चढ़ाई ई ) अनुपम धन।

उत्तर- 1. इ )सभी बहाने।

2. ई ) अनुपम धन।

3. आ ) बैठा रोबोट बोला।

4. अ) 1982 में की।

**इ ) अनुरूपता।**

1. वसीयत : नाटक :: चित्रलेखा : ....................

उत्तर- उपन्यास .

2. बायें हाथ में : न्याय पताका :: दाहिने हाथ में : ..................

उत्तर – ज्ञान दीप .

3.केला : पीला रंग :: सेब : ........................

उत्तर- गुलाबी रंग.

4.नागपुर : संतरा :: कश्मीर : .................

उत्तर- सेब

5. 1907 : महादेवी वर्मा जी का जन्म :: 1987 : ................

उत्तर- महादेवी वर्मा जी का निधन .

6. गुलाब : पौधा :: सोनजुही : ..................

उत्तर- लता .

7. गांधीजी : राष्ट्रपिता :: अब्दुल कलाम : .............

उत्तर- राष्ट्रपति .

8. जलालुद्दीन : जीजा :: शम्सुद्दीन : ..............

उत्तर – चचेरे भाई .

9.पं .राजकिशोर : किशनगंज :: बसंत : .............

उत्तर-अहीरटीला .

10. पं .राजकिशोर : मजदूरों के नेता :: बसंत : ........................

उत्तर- एक गरीब शरणार्थी लड़का .

11.दया : धर्म का मूल :: पाप : ..............

उत्तर – अभिमान का मूल .

12.फेसबुक : वरदान :: हैकिंग : ..............

उत्तर- अभिशाप .

13. वीडियो कान्फरेन्स : विचार विनिमय :: ई – प्रशासन : .............

उत्तर- पारदर्शी प्रशासन .

14.पहला दिन : चप्पलें गायब थीं :: दूसरे दिन : .................

उत्तर- चादरें गायब थीं .

15. हाथी : जंगली जानवर :: भैंस : ..............

उत्तर- पालतू जानवर .

16. शेरू को टहलाना : रोबोनिल :: झबरू को घुमाना : ....................

उत्तर- रोबोदीप .

17.मुखिया : धीरज सक्सेना :: सेवक : ...............

उत्तर- साधोराम

18.कालानाग : पर्वत :: गंगोत्री : ...........

उत्तर- ग्लेशियर .

19.पहले हिमालय पर्वतारोही पुरुष : तेनजिंग नोर्गे :: पहली एवरेस्ट पर्वतारोही महिला : ..........

उत्तर- बिछेन्द्री पाल .

20.कर्नाटक : चंदन का आगर :: बेंगलूर : .............

उत्तर- सिलिकान सिटी .

21. बसवन्ना : वचनकार :: कनकदास : ............

उत्तर-भक्त कवि .

22 . कश्मीरी सेब : कहानी :: गिल्लू : ...........

उत्तर- रेखाचित्र

23. तुलसी के दोहे : दोहा :: सूर –श्याम : .............

उत्तर- पद .

24. अभिनव मनुष्य : रामधारी सिंह ‘ दिनकर ‘ :: कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती : ..........

उत्तर- सोहनलाल द्विवेदी .

# दो अंक के प्रश्नोत्तर

1. कश्मीरी सेब पाठ से आपको क्या सिख मिलती है ?

उत्तर- बाजार में लोगों के साथ होनेवाली दोखेबाजी को समझ सकते है I खरीदारी करते समय सावधानी बरतने का संदेश मिलता है I

2 . दुकानदार ने लेखक से क्या कहा ?

उत्तर- दुकानदार ने लेखक से कहा की –बाबूजी,बड़े मजेदार सेब आये हैं ,खास कश्मीर के। आप ले जाएँ,खाकर तबियत खुश हो जाएगी।

3.. सेब की हालत के बारे में लिखिए I

उत्तर - सेब की हालत –पहला सेब सडा हुआ था,एक रुपये के आकर का छिलका गल गया थाI दूसरा सेब आधा सडा हुआ थाI तीसरा सेब सडा तो न था,मगर एक तरफ दबकर बिलकुल पिचक गया था I चौथा सेब बेदाग था,मगर उसमें एक काला सुराख़ था,अक्सर बेर जैसे।

4 . लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था ?

उत्तर- लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू उनके पैर तक आकर सर से परदे पर चढ़ जाता था और उसी तेजी से उतरता था। यह क्रम तब तक चलता था जब तक लेखिका उसे पकड़ने के लिए न उठती।

5 . दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

उत्तर - प्रकृति पर विजय प्राप्त करना मनुष्य की साधना नहीं है। मानव-मानव के बिच स्नेह का बाँध बांधना मानव की सिद्धि है । जो मानव दुसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़कर आपस की दूरी को मिटाए , वही मानव कहलाने का अधिकारी होगा।

6 . आशियम्मा कलाम को खाने में क्या-क्या देती थीं ? –

उत्तर - आशियम्मा जी कलाम को खाने के लिए चावल एवं सुगंधित स्वादिष्ट सांबार ,घर का बना अचार और नारियल की ताज़ी चटनी देती थी I

7 . जैनुलाबदीन नमाज़ के बारे में क्या कहते थे ?

उत्तर- जैनुलाबदीन नमाज के बारे में कहते थे की –' जब तुम नमाज पढ़ते हो तो तुम अपने शरीर से इतर ब्रह्माण्ड का एक हिस्सा बन जाते हो ,जिसमें दौलत,आयु,जाति या धर्म-पंथ का कोई भेदभाव नहीं होता ।

8 . कलाम जी का जीवन सादगी में बितने के कारण लिखिए ।

उत्तर- कलाम जी के पिता जैनुलाबदीन आडंबरहीन व्यक्ति थे । सभी अनावश्यक एवं आरामवाली चीजों से दूर रहते थे । आवश्यक चीजें समुचित मात्रा में उपलब्ध थी । भौतिक एवं भावनात्मक दोनों दृष्टी से इनका जीवन बहुत ही निश्चिन्तता और सादगी में बीता ।

9 . लेखक को भेजे गये निमंत्रण पत्र में क्या लिखा गया था ?

उत्तर- हम लोग इस शहर में एक ईमानदार सम्मलेन कर रहे है । आप देश के प्रसिद्ध ईमानदार है । हमारी प्रार्थना है कि आप इस सम्मलेन का उद्घाटन करे । हम आपको आने-जाने का पहला दर्जे का किराया देंगे, तथा आवास भोजन की उत्तम व्यवस्था करेंगे । आपके आनेसे इमानदारो को प्रेरणा मिलेंगी ।

10 . दोस्तों को हाथी ने क्या कहा ?

उत्तर- " इसमे क्या कठिनाई है ? पेड़ों से लकड़ी के इतने मोटे और मजबूत गोले काट लो . जितने मेरे पैर है " ।

11 दोस्तों को मछली ने क्या सुझाव दिया ?

उत्तर- आप लोग जरा मेरी पीठ की पट्टियाँ ध्यान से देख लो । फिर पेड़ों से बहुत सी पत्तियाँ तोड़ लो । इन पत्तियों को छप्पर पर उसी तरह जमा दो , जैसी मेरी पीठ पर पट्टियाँ है ।

12 . मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ? **<u>अथवा</u>**

समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

उत्तर- समय बहुत अनमोल है । उसका महत्व धन से भी ज्यादा है । समय को जो अपना सच्चा साथी बना लेगा , वह अपने काम में सफल होगा और सुख प्राप्ति कर लेगा । हमें जब भी काम

करने का  अवसर प्राप्त  होता है , उसे व्यर्थ जाने नहीं देना चाहिए , समय का सदुपयोग करके हमारा जीवन शुभ कर लेना चाहिए।

13. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरुरत क्यों थी ?

उत्तर – नाती – पोतों का होमवर्क कराने और धीरज सक्सेना का वर्ड प्रोसेस्सर काम संभालने को बुद्धिमान रोबोट की जरुरत थी।

14.रोबोनिल धीरज सक्सेना के घर में क्या-क्या काम करता था ?

उत्तर- सुबह नाश्ता कराने , मेहमानों के स्वागत में द्वार खोलने, घर के छोटे बच्चों को कहानियाँ सुनाने और धीरज सक्सेना का वर्ड प्रोसेस्सर पर काम करता था।

15 .महिला की सहसगाथा पाठ का संदेश क्या है ?

उत्तर-साहस प्रदर्शन में महिलाएं भी पुरुषों से कम नहीं है। साहस गुण , दृढ़ निश्चय , अथक परिश्रम , मुसीबतों का सामना आदि गुणों को सिख सकते है। मेहनत का फल अच्छा होता है यह कथन इस पाठ सिद्ध करता है।

16 . बिछेंद्री पाल के परिवार के बारे में परिचय दीजिए।

उत्तर – बिछेंद्री का जन्म एक साधारण भारतीय परिवार में हुआ था। पिता किशनपाल सिंह और माता हंसदेवी नेगी। पांच संतानों में बिछेंद्री तीसरी संतान थी।

17. बालकृष्ण अपनी माता से क्या-क्या  शिकायतें करता है ?

उत्तर- बलराम मुझे काला कहकर पुकारता है। मुझे मोल लिया है। सब ग्वाल मुझे चुटकी दे देकर छिडाते है।

18. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?

उत्तर – बलराम जन्म से ही चुगलखोर है , गोधन की कसम खाकर कहती हूँ तू ही मेरा पुत्र है , मैं ही तुमारी माता हूँ।

19.  शनै:चर का अर्थ क्या है ? शनि को शनैःचर क्यों कहा जाता है ?

उत्तर - शनै:चर का अर्थ है- धीमी गति से चलनेवाला । आकाश के गोल पर शनि ग्रह बहुत धीमी गति से चलता दिखायी देता है , इसलिए इस ग्रह को शनै:चर कहते है ।

20. शनि को सौरमंडल का सबसे सुंदर ग्रह क्यों कहा जाता है ?

उत्तर - शनि ग्रह के चारों ओर वाले दिखाई देते है , प्रकृति ने शनि ग्रह के गले में खुबसूरत हार डाल दिये है । इन वलयों ने इसे सौर मंडल का सुंदर ग्रह बनाये है ।

21.  शनि का निर्माण किस प्रकार हुआ है ?

उत्तर- शनि ग्रह ब्रहस्पति की तरह निर्माण हुई है । हाइड्रोजन , हीलियम , मीथेन तथा एमोनिया गैसों से बना है ।

22. सत्य के बारे महात्मा गांधीजी का कथन क्या है ?

सत्य एक विशाल वृक्ष है । उसका जितना आदर किया जाता है , उतने ही फल उसमे लगते है । उनका अंत नहीं होता ।

23. झूठ बोलनेवालों की हालत कैसी होती है ?

उत्तर- व्यक्तित्व कुंठित होता है । झूठ बोलाल्नेवालों से लोगों का विश्वास उठ जाता है । उनकी उन्नति के द्वार बंद हो जाते है ।

24. मीना मैडम ने छात्रों से अंत में क्या कहा ?

उत्तर- आज के बच्चे कल के नागरिक है । आज से नहीं , अब से ही आप नागरिक के कर्तव्यों का पालन करना शुरू करे । इससे आपके हित के साथ देश का कल्याण भी होता है ।

25 . गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाया जा सकता है ?

उत्तर- गाँव की गंदगी दूर करना । गाँव के चारों ओर पेड़ लगाना ।

## तीन अंक के प्रश्नोत्तर

1. भारत माँ के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए।

उत्तर- कवि भगवतीचरण वर्मा मातृभूमि को सौ सौ बार प्रणाम करते हुए , मातृभूमि की प्राकृतिक सौंदर्य इस प्रकार वर्णन किये है कि - मातृभूमि के खेत हरे भरे और सुहाने है। यहाँ के वन और उपवन फल फूलो से युक्त है। मातृभूमि के अंदर सोना , चाँदी , और लोहा जैसे खनिजों का विस्तृत संपत्ति भरी हुई है। सभी भारतवासियों को मातृभूमि सुख,संपत्ति,धन और धाम को मुक्त हस्त से बाँट रही है। इसलिए कवि मातृभूमि को सौ सौ बार प्रणाम कर रहे है।

2. मातृभूमि का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?

उत्तर- कवि भगवतीचरण वर्मा मातृभूमि को सौ सौ बार प्रणाम करते हुए,मातृभूमि के स्वरूप इस प्रकार वर्णन किये है कि - मातृभूमि के एक हाथ में न्याय पताका है,दुसरे हाथ में ज्ञानदीप है। सभी भारतवासियों को सही रास्ते पर चलने को कह रही है। इस संसार का रूप बदलने के लिए कवि मातृभूमि को विनती कर रहे है। आज भारत के सभी वासी भारत माँ के साथ है। पूरे भारत देश के सकल नगर और ग्राम में जय हिन्द का नारा प्रतिद्वानित होना चाहिए। मातृभूमि अमरों की जननी है। इसके ह्रदय में गाँधी , बुद्ध और राम जैसे भारत के महान विभूतियों शायित है।

3. गिल्लू के कार्य कलाप के बारे में लिखिए।

उत्तर - महादेवी वर्मा जी ने गिल्लू पाठ में गिल्लू के कार्यकलाप को रोचक वर्णन किए हैं। गिल्लू लेखिका के घर में झूलता रहता था। अपनी काँच जैसी आँखों से कमरे के भीतर और खिड़की से बाहर देखता था। जब भी लेखिका लिखने बैठती तब उनका ध्यान आकर्षित करने के लिए वह उनके पैर तक आकर सर से परदे पर चढ़ जाता और उसी तेजी से उतरता था। गिल्लू गिलहरियों के झुण्ड का नेता बना। ठीक चार बजे खिड़की से भीतर आकर अपने झुले में झुलने लगता था। लेखिका को चौकाने के लिए फूलदान के फूलो में , परदे की चुन्नट में, और सोनजुही की पत्तियों में छिप जाता था। स्वतंत्रता से जीना ,खेलना-कूदना. थाली के पास बैठकर चावल खाता था। गिल्लू सबके साथ मिल-जुलकर रहता था।

4. लेखिका ने गिलहरी को  क्या-क्या सिखाया ?

उत्तर - महादेवी वर्मा जी गिल्लू को बहुत मुश्किल से अनेक क्रियाओं  को सिखायी । लेखिका खाते समय थाली में गिल्लू बैठना चाहता था ,लेखिका इसे अपनी थाली के पास बैठना सिखाया । एक - एक चावल उठाकर खाने को भी सिखाया । लेखिका ने लिखते समय लिफाफे में रहना सिखाया । लेखिका ने गिलहरी को अपने साथ सही व्यवहार करने को सिखाया । स्वतंत्रता से जीने को,खेलना-कूदना,और सब गिलहरियों के साथ मिल जुलकर रहने को भी लेखिका ने गिल्लू को सिखाया ।

5. बसंत एक ईमानदार लड़का है । कैसे ?

उत्तर- बसंत एक स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का था । वह परिश्रम करके जीना चाहता था । इसलिए उसने पंडित राजकिशोर से दया की भीख लेने से इंकार किया ।पंडित राजकिशोर का नोट भुना लाने को बाजार की ओर भागता है । वहाँ मोटार से टकराकर घायल होता है । होश आने के बाद अपने भाई प्रताप के हाथों राजकिशोर के साड़े चौदह आने पैसे लौठाता है । इस प्रकार हम कह सकते है की बसंत एक ईमानदार लड़का है ।

6 . पंडित राजकिशोर के  मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए ।

उत्तर- पंडित राजकिशोर मजदूरों के नेता थे । कंगालों के प्रति हमदर्दी दिखाते थे । आदर के साथ व्यवहार करते थे । वे लेक्चर देते थे और मजदूरों के बस्ती में जाते थे । बसंत को दो पैसे देने जाते है । बसंत के आग्रह पर जरुरत न होने पर भी छलनी लेते है । प्रताप से बसंत की मोटार दुर्घटना के बारे में समझकर दु:खी होते है और प्रताप के साथ भीखू अहीर के घर जाते है । डा. वर्मा को बुलाकर इलाज करवाते है । एम्बुलेंस के लिए फोन भी करते है । इस तरह पंडित राजकिशोर का मानवीय व्यवहार का परिचय है ।

7 , दोहे का भावार्थ लिखना -

1. मुकिया मुख सो चाहिए –-----------विवेक ।

<u>**भावार्थ**</u>- कवि  गोस्वामी तुलसीदास  जी इस दोहे में मुखिया के लक्षण बताते हुए  कहते है की मुखिया मुख के समान होना चाहिए । जिस प्रकार शरीर में केवल मुख ही खाने-पिने का कार्य करके सभी अंगों का पालन पोषण करता है , उसी प्रकार मुखिया  को अपनी प्रजा या जनता की

समस्याओं को स्वीकार करके अपनी विवेचन शक्ति द्वारा उनका परिष्कार करना चाहिए। वही एक आदर्श नायक हो सकता है और तभी स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है।

2. जड़ चेतन गुण दोषमय –-------------- विकार।

**भावार्थ**- तुलसीदास जी इस दोहे में संत का स्वभाव बताते हुए कहते है की सृष्टिकर्ता ने इस संसार को निर्जीव तथा सजीव वस्तुओ से और अच्छाई और बुराईयों से निर्माण किया है। संत हंस पक्षी का गुण होना चाहिए। जिस प्रकार हंस दूध में मिले पानी को त्यागकर केवल शुद्ध दूध को पिता है , उसी प्रकार सज्जन को समाज में फैले दोषों तथा अवगुणों को छोड़कर केवल अच्छाई को अपनाना चाहिए।

## चार अंक के प्रश्नोत्तर

**1. . पद्य भाग पूरा करना –**

1. मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक।

पालै पोसै सकल अंग , तुलसी सहित विवेक।।

2. जड़ चेतन गुण दोषमय , विस्व कीन्ह करतार।

संत-हंस गुण गहही पय , परिहरी वारि विकार।

3. राम-नाम मणि दीप धरु , जिह देहरी द्वार।

तुलसी भीतर बहिरौ , जो चहसी उजियार।।

4. असफलता एक चुनौती है , इसे स्वीकार करो ,

क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।

जब तक न सफल हो , नींद चैन को त्यागो तुम ,

संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम।

2. कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए।

उत्तर- कर्नाटक की प्राकृतिक सुष्मा  नयन मनोहर है । पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र है । दक्षिण में निलगिरी पर्वतमाला है । दक्षिण से उत्तर तक पैली पर्वतमाला को पश्चिमी घाट कहते है । सोना , ताम्बा  , लोहा जैसे आदि उपयोगी धातुएँ कर्णाटक में मिलती है । कर्णाटक  में चन्दन की पेड़ विपुल मात्रा  में है । कावेरी , कृष्णा , तुंगभद्रा जैसी आदि नदियाँ बहती है । जोग , अब्बी , गोकाक , जैसे जल प्रात्त, कर्नाटक  में है ।

3 . कर्नाटक की शिल्पकला का परिचय दीजिए ।

उत्तर – कर्नाटक राज्य की शिल्पकला अनोखी है । बादामी, एहोले , पट्टदकल्लू  की वास्तुकला अद्भुत है । बेलुरु, हलेबिडू , सोमनाथपुर के मूर्तियाँ सजीव लगती है , ये मूर्तियाँ रामायण , महाभारत , और पुरानों की कहानियाँ सुनाती है । श्रवण बेलगोल की एक शिला प्रतिमा त्याग और शांति का सन्देश देती है । विजयपुरा की गोलगुंबज की विस्परिंग गैलरी वास्तुकला का अद्वितीय उदहारण है । मैसूरू का राजमहल वैभव का प्रतिक है ।

## **व्याकरण**

**1, लिंग –**

| | | |
|---|---|---|
| छात्र-छात्रा | आचार्य – आचार्या | नर- नारी / मादा |
| नाना – नानी | कुत्ता-कुतिया | -बेटा-बिटिया |
| -सुनार-सुनारिन | नाई –नाईन | ठाकुर-ठकुराईन |
| बालक-बालिका | सेवक-सेविका | सेठ – सेठानी |
| नौकर-नौकरानी | शेर –शेरनी | -मोर – मोरनी |
| महान –महती | श्रीमान – श्रीमती | भाग्यवान –भाग्यवती |
| स्वामी –स्वामिनी | एकाकी –एकाकिनी | दाता – दात्री |
| विधाता – विधात्री | भाई – बहन | लेखक – लेखिका |
| मयूर –मयूरी | लड़का – लड़की | बच्चा - बच्ची |
| दुबला – दुबली | पतला- पतली | थैला – थैली |

| | | |
|---|---|---|
| साहब – साहिबा | माँ –बाप | डाक्टर – डाक्टरनी |
| पंडित – पंडिताइन | भैंस –भैंसा | मोर –मोरनी |

**2) वचन –**

| | | |
|---|---|---|
| फल-फल | घर-घर | फूल-फूल |
| युग-युग | दोस्त-दोस्त | कम्पूटर –कम्पूटर |
| पेड़ –पेड़ | लग-लोग | रास्ता-रास्तें |
| आँख – आँखें | पंजा – पंजें | लिफाफा – लिफाफे |
| गमला-गमले | बच्चा-बच्चे | पैसा – पैसे |
| कमरा – कमरे | दायरा – दायरे | कपड़ा – कपड़े |
| डिब्बा – डिब्बे | शिशा – शीशे | चीज-चीजें |
| दुकान – दुकाने | पूंछ –पूंछें | घोसला- घोसलें |
| खबर-खबरें | किताब –किताबें | जगह – जगहें |
| कोशिश – कोशिशें | बात-बातें | चादर-चादरें |
| चट्टान –चट्टानें | रेवड़ी – रेवड़ियाँ | ऊँगली –उंगलियाँ |
| जिंदगी-जिंदगियाँ | चिट्टी – चिट्टियाँ | जीवनशैली –जिवंशैलियाँ |
| कहानी –कहानियाँ | हड्डी –हड्डियाँ | लकड़ी –लकड़ियाँ |
| पत्ति – पत्तियाँ | मछली – मछलियाँ | पट्टी –पट्टियाँ |
| रस्सी – रस्सियाँ | चोटी – चोटियाँ | संधि – संधियाँ |
| मूर्ति-मूर्तियाँ | उपलब्धि- उपलब्धियाँ | कृति – कृतियाँ |
| नीति नीतियाँ | नौका-नौकाएँ | संस्कृति – संस्कृतियाँ |

| | | |
|---|---|---|
| पद्दति- पद्दतियाँ | गुफा –गुफाएँ | सेवा-सेवाएँ |

**3) विलोम शब्द**

| | | |
|---|---|---|
| माता x पिता | हाथी x हथिनी | अंधकार x प्रकाश |
| आगे x पीछे | बैल x गाय | माँ x बाप |
| अमृत x विष | आधार x निराधार | जय x पराजय |
| परतंत्र x स्वतंत्र | सफल x असफल/विफल | आदर x अनादर |
| चल x अचल | लिखित x अलिखित | आवश्यक x अनावश्यक |
| शाम x सुबह | बहुत x कम | शिक्षित- x अशिक्षित |
| गरीब x अमिर | संदेह x निस्संदेह | खरीदना x बेचना |
| अच्छा x बुरा | रात x दिन | साफ x गंदा |
| बेईमान x ईमान | विश्वास x अविश्वास | सहयोग x असहयोग |
| पास x दूर | हानि x लाभ | आय x व्यय |

**4) विराम चिह्न**

1) **पूर्ण विराम** – ( । ) – वाक्य की पूर्णता का भोध करता है।

उदहारण-बच्चे मैदान में खेल रहे है।

2) **अर्धविराम** – ( ; ) – पूर्ण विराम से पहले , अल्प विराम से अधिक रुकना।

- उदहारण- कल मेरे मित्र आए; हम घूमने गए।

3) **अल्पविराम** ( ,) – बहुत कम समय रुकना।

उदहारण-मेज पर आलू, केले , और सेब हैं।

4) **प्रश्न वाचक** – ( ? ) – प्रश्न पूछने का बोध।

उदहारण- आपका नाम क्या है ?

5) **भावसूचक / विस्मयादी चिह्न ( ! )** – मनोभावों को प्रकट करने के लिए l

उदहारण- अरे ! कहाँ चल गए

6) **उद्धरण चिह्न ( “ “ )** – कथनों को ज्यो का त्यों बताने के लिए l

उदहारण- शास्त्री ने कहा था- “ जय जवान, जय किसान “

7) **योजक चिह्न**- ( -) – दो दो से अधिक शब्द जोड़ने, तुलना करने का बोध करता है l

उदहारण- मजदूर दिन- रात काम करत है l

**<u>5) संधि –</u>**

1) **दीर्घ संधि** – आ , ई , ऊ और ऋ – आ- समानाधिकार , धर्मात्मा

ई- कवीन्द्र ,गिरीश

ऊ - लघूत्तर , सिन्धूर्जा

ऋ- पितृन

2) **गुण संधि** – ए . ओ और अर – ए- गजेन्द्र , परमेश्वर

ओ- वार्षिकोत्सव , महोत्सव

अर- सप्तर्षि , महर्षि

3) **वृद्धि संधि** - ऐ , औ - ऐ- एकैक, मतैक्य

औ- परमौज , वनौषध

4) **यन संधि** – य , व, र य- अत्यधिक , इत्यादि

व – मन्वंतर , स्वागत

र- पित्राज्ञा , पित्रुपदेश

5) **अयादी संधि** – अय , आय , अव , आव      अय – चयन , नयन

आय – गायक , नायक

अव – भवन , कवन

आव – पावन , सावन

## 6) समास

1) **अव्ययीभाव समास** – पहला शब्द अव्यय ,

पहला पद – प्रधान -      आजन्म, यथासंभव , भरपेट

2) **कर्मधारय** – उत्तर पद प्रधान

विशेषण-विशेष्य / उपमान उपमेय संबंध , एक दुसरे से तुलना

- पीताम्बर , नीलकंठ , कनकलता, चंद्रमुख

3) **तत्पुरुष समास-** उत्तर पद प्रधान

- कारकों का लोप      - ग्रंथकार , गगनचुम्बी .

4) **द्विगु समास** – पहला पद संख्यावाचक -    सतसई , त्रिवेणी , चोराह

5) **द्वंद्व समास** – दोनों पद प्रधान

-दोनों के बिछ योजक चिह्न होता है।      - सीता-राम , पाप-पुण्य

- 6) **बहुर्विही समास-** अन्य ( तीसरा ) पद प्रधान      - लम्बोदर , नीलकंठ

## 7. प्रेरणार्थक क्रिया -

| | | |
|---|---|---|
| ➢ लिखना | लिखाना | लिखवाना |
| ➢ मिलना | मिलाना | मिलवाना |
| ➢ चलना | चलाना | चलवाना |
| ➢ देखना | दिखाना | दिखवाना |
| ➢ भेजना | भिजाना | भिजवाना |

| | | |
|---|---|---|
| खेलना | खिलाना | खिलवाना |
| देना | दिलाना | दिलवाना |
| सोना | सुलाना | सुलवाना |
| रोना | रुलाना | रुलवाना |
| धोना | धुलाना | धुलवाना |
| पीना | पिलाना | पिलवाना |
| सीना | सिलाना | सिलवाना |
| सीखना | सिखाना | सिखवाना |
| माँगना | मँगाना | मँगवाना |
| बाँटना | बँटाना | बँटवाना |
| सुनना | सुनाना | सुनवाना |
| करना | कराना | करवाना |
| जगना | जगाना | जगवाना |
| बैठना | बिठाना | बिठवाना |
| ठहरना | ठहराना | ठहरवाना |
| लौटना | लौटाना | लौटवाना |
| उतरना | उतराना | उतरवाना |
| पहनना | पहनाना | पहनवाना |
| बनना | बनाना | बनवाना |
| गिरना | गिराना | गिरवाना |
| लगना | लगाना | लगवाना |

## रचना

### 1. अनुवाद -

1) गाजर भी पहले गरीबों के पेट भरने की  चीज थी ।

ಗಜ್ಜರಿಯೂ ಸಹ ಮೊದಲು ಬಡವರ ಹೊಟ್ಟೆ ತುಂಬಿಸುವ ವಸ್ತುವಾಗಿತ್ತು.

Carrot was also a staple food of poor people.

2) दुकानदार ने कहा-बड़े मजेदार सेब आये हैं ।

ಅಂಗಡಿಯವನು ತುಂಬಾ ರುಚಿಕರವಾದ  ಸೇಬು ಬಂದಿವೆ ಎಂದು ಹೇಳಿದನು .

Merchant informed that good quality apples are available.

3)एक सेब भी खाने लायक नहीं ।

ಒಂದು ಸೇಬು ಹಣ್ಣು ಸಹ ತಿನ್ನಲಿಕ್ಕೆ ಯೋಗ್ಯವಾಗಿರಲಿಲ್ಲ .

Not a single apple was fit for consumption.

4) दुकानदार ने मुझसे क्षमा माँगी ।

ಅಂಗಡಿಯವನು ನನ್ನಲ್ಲಿ ಕ್ಷಮೆ ಕೇಳಿದನು.

Merchant himself apologized to me .

5 ) कई घंटे के उपचार के उपरांत मुह में एक बूंद पानी टपकाया जा सका ।

ಕೆಲವು ಘಂಟೆಗಳ ಉಪಚಾರ ( ಆರೈಕೆ ) ದ ನಂತರ ಬಾಯಲ್ಲಿ ಒಂದು ಹನಿ ನೀರು ಹಾಕಲಾಯಿತು .

After many hours of treatment it drank one drop of water.

6 ) बड़ी कठिनाई से मैंने उसे थाली के पास बैठना सिखाया ।

ಬಹಳ ಕಠಿಣತೆಯಿಂದ ನಾನು ಅದಕ್ಕೆ ತಟ್ಟೆಯ ಬಳಿ ಕುಳಿತುಕೊಳ್ಳುವದನ್ನು ಕಲಿಸಿದೆನು .

With great difficulty I taught it to sit near the plate.

7 ) गिल्लू मेरे पास रखी सुराही पर लेट जाता  था ।

ಗಿಲ್ಲು ನನ್ನ ಬಳಿಯಿರುವ ಹೂಜಿಯ ಮೇಲೆ ಮಲಗುತಿತ್ತು .

Gillu used to sleep on the earthen pot kept near me.

8 ) दिन भर गिल्लू ने कुछ खाया, न बाहर  गया ।

ಗಿಲ್ಲು ದಿನವಿಡೀ ಏನನ್ನೂ ತಿನ್ನಲಿಲ್ಲ .ಹೊರಗೂ ಹೋಗಲಿಲ್ಲ.

Gillu neither ate nor came out the whole day .

9 ) उसकी आयु लगभग 12 वर्ष की है ।

ಅವನ ವಯಸ್ಸು ಸುಮಾರು 12 ವರ್ಷವಾಗಿತ್ತು .

His age was around 12 years .

10 ) सबेरे से अब तक कुछ नहीं बिका ।

ಬೆಳಗಿನಿಂದ ಇದುವರೆಗೆ ಏನೂ ವ್ಯಾಪಾರವಾಗಿಲ್ಲ .

Nothing is sold since morning .

11 ) मैं भीख नहीं लूँगा ।

ನಾನು ಭಿಕ್ಷೆ ತೆಗೆದುಕೊಳ್ಳುವದಿಲ್ಲ .

I will not acept alms .

12 ) बड़ी मुश्किल से बसंत को घर ले गए ।

ಬಹಳ ಶ್ರಮವಹಿಸಿ ಬಸಂತನನ್ನು ಮನೆಗೆ ಕರೆದುಕೊಂಡು ಹೋದರು .

They took basant home with great difficulty .

13 ) बसंत ओठ भींचकर आह खींचता है ।

ಬಸಂತ ತುಟಿಕಚ್ಚಿ ಉಸಿರು ಎಳೆದುಕೊಂಡ .

Basant bit his lips and took a deep breath .

14 ) यह गरीब है पर इसमें एक दुर्लभ गुण है ।

ಇವನು ಬಡವ ಆದರೆ ಇವನಲ್ಲಿ ಮಹತ್ತರವಾದ ಗುಣವಿದೆ .

He is poor but has rare quality .

15) . इंटरनेट आधुनिक जीवनशैली का महत्त्व पूर्ण अंग बन गया है ।

ಅಂತರ್ಜಾಲವು ಆಧುನಿಕ ಜೀವನಶೈಲಿಯ ಮಹತ್ವಪೂರ್ಣ ಅಂಗವಾಗಿದೆ.

Internet has become an important part of modern lifestyle.

16) . इंटरनेट द्वारा घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते है ।

ಅಂತರ್ಜಾಲದ ಮೂಲಕ ಮನೆಯಲ್ಲಿ ಕುಳಿತುಕೊಂಡೆ ವಸ್ತುಗಳನ್ನು ಕೊಂಡುಕೊಳ್ಳಬಹುದು .

Shopping can be done by sitting at home through the internet .

17 ) . इंटरनेट की सहायता से बेरोजगारी को मिटा सकते है ।

ಅಂತರ್ಜಾಲದ ಸಹಾಯದಿಂದ ನಿರುದ್ಯೋಗವನ್ನು ಹೋಗಲಾಡಿಸಬಹುದು .

Unemployment can be put to an end with the help f the internet.

**2. छुट्टी पत्र-**

स्थान-विजयपुर ,

दिनांक – 07 /12 /2018

प्रेषक ,

सोमनाथ कट्टी ,

10 वी कक्षा ,

लोयोला माध्यमिक विद्यालय ,

विजयपुर – 23.

सेवा में,

प्रधानाध्यापक ,

लोयोला माध्यमिक विद्यालय ,

विजयपुर – 23.

आदरणीय महोदय ,

विषय- तीन दिन की छुट्टी की प्रार्थना हेतु ।

उपर्युक्त विषय के संबंध में आपसे निवेदन है कि दि: 08/12 /2018 से 10 / 12 / 2018 तक मुझे अपने भाई की शादी में भाग लेने के लिए अथनी जाना है , इसलिए मै विद्यालय नहीं आ सकता। अत: आपसे प्रार्थना करता हु की इन तीन दिनों की छुट्टी देने की कृपा करें।

धन्यवाद सहित ,

X X X भवदीय,

अभिभावक के हस्ताक्षर सोमनाथ कट्टी ,

## <u>3. निबंध</u>

### <u>1. इंटरनेट -</u>

" इंटरनेट वरदान है ,तो अभिशाप भी है "

1) **<u>प्रस्तावना</u>** : इंटरनेट से मानव की जीवनशैली और उसकी सोच में क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है। आज इंटरनेट के बिना सूचना व संचार दोनों क्षेत्र कमज़ोर हो जाते है। इंटरनेट ने पूरी दुनिया को एक जगह ला खड़ा कर दिया है।

2) **<u>अर्थ</u>**- * इंटरनेट एक तरह से विश्वव्यापी कंप्यूटरों का जाल है।

* अनगिनत कंप्यूटरों के कई अंतर्जालों का एक दूसरें से संबंध स्थापित करने का जाल ही इंटरनेट है।

3**<u>) लाभ</u>** –इंटरनेट द्वारा पल भर में , बिना ज्यादा खर्च किए , कोई भी विचार , स्थिर चित्र , वीडियो भेज सकते है। घर बैठे बैठे खरीदारी कर सकते है। कोई भी बिल भर सकते है। दुनिया की किसी भी जगह पर चाहे जीतनी भी रकम भेजी जा सकती है। वीडियो कांफेरेंस द्वारा देश-विदेशों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर सकते है। आई टी और आई टी इ एस- संस्थों द्वारा अनगिनत लोगों को रोज़गार मिल रहा है। इससे प्रशासन भी पारदर्शी बन जाता है। चिकित्सा, कृषि , विज्ञान , और शिक्षा आदि क्षेत्र में इंटरनेट का वरदान है।

4) **<u>हानि</u>** – इंटरनेट से पैरसी , बैकिंग , प्राड, हैकिंग , आदि बढ़ रही है। मुक्त वेब साईट , चैटिंग आदि से युवा पीढ़ी ही नहीं बच्चे भी इंटरनेट से फँस रहे है। बच्चे अनुपयुक्त और अनावश्यक

जानकारी प्राप्त कर लेते है। समय का बरबाद होता है। सैबर अपराधों में वृद्धि हो रही है। इससे कई आकड़ें और तथ्य भी गलत प्रकाशन होने की संभावना रहती है।

5) **<u>उपसंहार</u>** – इस प्रकार हम कह सकते हैं की इंटरनेट के उपयोग से होटल , पर्यटन स्थलों और पर्यटन उद्योगों को भी फायदा हुआ है। यह लोगों का यात्रा करने और नई नई जगह तलाशने के लिए प्रोत्साहित करता है तथा पर्यटन उद्योगों को भी उंचाईयों पर ले गया है।

## 2. जनसंख्या वृद्धि –

“जनसंख्या पर रोक लगाओ , विकास की धार बढाओ “

1) **<u>प्रस्तावना</u>**- जनसंख्या की समस्या सामान्य रूप से विश्व की समस्या है। प्रति दिन तीन सेकेंड में दो बालक जन्म लेते है। भारत क्षेत्रफल में सातवाँ और आबादी पर दुसरे स्थान पर है। 2011 की जनगणना से भारत की आबादी 1.210,193,422 हैं। सन 2020 में भारत की आबादी 125 करोड़ से अधिक होगी।

2) **<u>जनसंख्या वृद्धि के कारण</u>** – वर्त्तमान समय में विज्ञान की उन्नति के साथ चिकित्सा सुविधाओं में प्रगति हुई है। इससे मृत्यु दर में कमी हुई है। प्राचीन मान्यताओं से यह धारण है की बच्चे भगवान की देन है। परिवार की रक्षा करने के लिए अधिक बच्चे की आवश्यकता मान रहे है। भारतीय परिवारों की अशिक्षा , अंधविश्वास , गरीबी भी आबादी वृद्धि के कारण बन गये है। जनसंख्या नियंत्रण के सरकार द्वारा किए जानेवाले उपायों सफल नहीं हो रहे हैं , यह भी एक कारण ही है।

3) **<u>जनसंख्या वृद्धि से परिणाम</u>** - जनसंख्या वृद्धि से अधिक दुष्परिणाम दिखाई देते हैं। देश की प्रगति कुंठित होती है। युवक युवतियाँ बेरोज़गार बने रहते है। अपराधों में भी वृद्धि होती है। पर्यावरण प्रदूषण जैसे समस्या उत्पन्न होते है। वस्तुओं की मूल्यों में भी वृद्धि होती है। दिन प्रति दिन बाजार में महँगाई बड़ती है। परिवार के पुरे सदस्यों की आवश्यकता पूरी करने में समस्या होती है।

4) <u>**जनसंख्या वृद्धि के उपचार**</u>-शिक्षा का प्रचार-प्रसार करना  चाहिए। परिवार नियोजन पर प्रचार करना आवश्यक है। विवाह की उम्र में भी बढ़ावा करना उचित है। परिवार, समाज और राष्ट्र के हित में संतान की सीमा निर्धारण करना अति आवश्यक है। संतति सुधार कार्यक्रमों को शुरुआत करना चाहिए। विवाह और संतानोत्पति पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। छोटे परिवार की महत्व को समझाना चाहिए।

5) <u>उपसंहार</u>- हमारे देश की विकास में जनसंख्या की  वृद्धि एक बहुत बड़ी समस्या हुई है। यातायात , शिक्षा, रोजगार क्षेत्रों में आबादी की समस्या प्रमुख हुई है। इस समस्या का समाधान करने के लिए पूरी राष्ट की जनता योगदान देना चाहिए।

# शुभकामनाएँ